हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 3 जुलाई 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 जिला मुख्यालय के बीच गड्ढों में तब्दील हुआ गौरवपथ, गड्ढे के कारण टूटे ट्रक के पहिए



### आईसीएमआर प्रोजेक्ट के तहत उपलब्ध कराए गए दो पोर्टेबल एक्स-रे मशीन

# अब स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर कर रही मरीजों का एक्स-रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के मरीजों को अब एक्स रे कराने के लिए डायग्नोस्टिक सेंटर तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वयं उनके घर तक पहुंचकर एक्स रे करेगी। यह संभव हुआ है आईसीएमआर द्वारा उपलब्ध कराए गए पोर्टेबल डिजिटल एक्स रे मशीन की बदौलत। फिलहाल इस एक्स रे मशीन का उपयोग क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मरीजों की जांच व पहचान के लिए किया जा रहा है और इस मशीन की सहायता से अब तक 302 टीबी के मरीजों की पहचान भी की जा चुकी है।

**खास बात**
- क्षय उन्मूलन में किया जा रहा उपयोग

बता दें कि भारत सरकार द्वारा देशभर में क्षय उन्मूलन की दिशा में अनेकों कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में हाल ही में सरगुजा को आईसीएमआर प्रोजेक्ट के तहत पैथोडिटेक्ट आरटीपीसीआर मशीन उपलब्ध कराई गई है जिसकी सहायता से मरीजों की जांच की जा सकती है लेकिन इसके पहले भी सरगुजा को आईसीएमआर प्रोजेक्ट के तहत एक विशेष पोर्टेबल एक्स रे मशीन उपलब्ध कराई गई। आईसीएमआर द्वारा पोर्टेबल एक्स रे मशीन की सुविधा भारत के 35 जिलों में दी गई है जिनमें सर्वाधिक यूपी बिहार के जिले है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में एक मात्र सरगुजा का चयन किया गया है। सरगुजा जिले के स्वास्थ्य विभाग को आईसीएमआर द्वारा यह मशीन नवंबर 2023 में उपलब्ध कराई गई थी और मशीन का उपयोग स्वास्थ्य विभाग टीबी के मरीजों की जांच व पहचान के लिए कर रहा है। जिले में ऐसी दो एक्स रे मशीन उपलब्ध है जिनकी कीमत 25-25 लाख रुपए बताई जा रही है। मशीन को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव गांव में लेकर जाती है और क्लस्टर वार कैंप लगाकर संभावित मरीजों की जांच करती है। इस मशीन के आने का एक फायदा यह हुआ है कि उन दूर दराज के इलाकों जहां के ग्रामीण संसाधनों या जागरूकता की कमी के कारण अस्पताल तक नहीं पहुंच पाते थे उनतक अब स्वास्थ्य विभाग की टीम खुद पहुंच रही है और टीबी के संभावित मरीजों का एक्स रे क्षय रोगियों की पहचान कर रही है।


पोर्टेबल एक्स-रे से जांच करते चिकित्सक।

**क्या है खासियत**

पोर्टेबल एक्स रे मशीन की सबसे बड़ी खासियत तो यह है कि इसे कहीं भी लेकर जाया जा सकता है। इसके साथ ही इस मशीन को चलाना काफी आसान है। विशेषज्ञ बताते है कि जो व्यक्ति मोबाइल फोन चला लेता है वो भी इस मशीन को आसानी से ऑपरेट कर सकता है। आम तौर पर एक्स रे मशीन काफी रेडिएशन जनरेट करती है लेकिन इस पोर्टेबल एक्स रे मशीन से काफी कम रेडिएशन जनरेट होता है। वहीं मशीन की सहायता से एक मिनट से भी कम समय में मरीज के फेफड़े की तस्वीर मिल जाती है जिससे पता लगाया जा सकता है कि उक्त व्यक्ति में टीबी के लक्षण है या नहीं।

**अब तक 2372 की जांच**

सरगुजा जिले में वैसे तो टीबी के मरीजों की जांच के लिए पहले से टू नॉट व सीबी नॉट की मशीन उपलब्ध है। इसके साथ ही वर्तमान में पैथोडिटेक्टर आरटीपीसीआर मशीन भी आईसीएमआर प्रोजेक्ट के तहत उपलब्ध कराई गई है लेकिन यह मशीनें अस्पताल में ही स्थापित है और मरीजों के अस्पताल पहुंचने पर ही उनकी जांच हो सकती है लेकिन पोर्टेबल एक्स रे मशीन का उपयोग गांव में घर घर जाकर किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रूट चार्ट बनाया गया है जिसके तहत क्षय रोग विभाग की टीम मरीजों की जांच कर रही है। अब तक इस मशीन की सहायता से 2372 एक्स रे किए जा चुके है जिनमें से 302 मरीजों में टीबी के लक्षण की पुष्टि पोर्टेबल एक्स रे मशीन की सहायता से हुई है।

**कारगर सिद्ध हो रही मशीन**

आईसीएमआर प्रोजेक्ट के तहत सरगुजा को 2 पोर्टेबल डिजिटल एक्स रे मशीनें उपलब्ध कराई गई है। यह मशीन टीबी के खिलाफ चल रही लड़ाई में काफी कारगर साबित हुई है। खास बात यह है कि मशीन को आसानी से किसी भी स्थान पर लेजाकर संभावित मरीज की जांच की जा सकती है और एक मिनट से कम समय में व्यक्ति में टीबी का पता चल जाता है। इस मशीन से काफी कम मात्रा में रेडिएशन निकलता है

-डॉ. शैलेंद्र गुप्ता
नोडल अधिकारी क्षय नियंत्रण कार्यक्रम

## जनपद सदस्य से गाली-गलौज तत्कालीन ईई पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के तत्कालीन कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप सिंह के खिलाफ अब अपराध दर्ज किया गया है।

तत्कालीन ईई पर जनपद सदस्य से जातिसूचक गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। बता दें कि बलरामपुर जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप सिंह को जल जीवन मिशन कार्य में लापरवाही के कारण मुख्य अभियंता द्वारा पद से हटा दिया गया था और उनके स्थान पर नए ईई की नियुक्ति की गई थी। इस कार्रवाई के बाद ईई की मुश्किलें और भी बढ़ती नजर आ रही है। अब तत्कालीन ईई आदित्य प्रताप सिंह के खिलाफ थाना बलरामपुर में अपराध दर्ज किया गया है। आरोप है कि 26 जून को जनपद सदस्य संजय गोंड जनता की समस्याओं को लेकर ईई आदित्य प्रताप सिंह से मिलने गए हुए थे। जब वे ईई से चर्चा कर रहे थे तो ईई ने उनके साथ जातिसूचक गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी। इस मामले की शिकायत जनपद सदस्य ने थाने में की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने तत्कालीन ईई आदित्य प्रताप सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## एसईसीएल क्वार्टर में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बीते दिनों हुई चोरी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, साथ ही उनके पास से नगदी समेत सामान को जब्त कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 28 जून को प्रार्थी संदीप कुमार पिता स्व. नारायण दास उम्र 22 वर्ष निवासी विवेकानंद कॉलोनी ने चरचा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि मेरे घर में 24 से 27 जून के मध्य घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा सोना-चांदी के जेवरात, स्कूटी और नकदी रकम चोरी कर लिया गया था। रिपोर्ट पर थाना चरचा में अपराध क्रमांक 158/2024 धारा 457 एवं 380 भादवि का अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पश्चात पुलिस द्वारा चोरो की पतासाजी की जा रही थी, इसी दौरान 30 जून को मुखबीर की सूचना के आधार पर संदेही पूरन बसोर पिता मैना बसोर उम्र 32 वर्ष एवं विधि विरूद्ध बालक को घुटरी दफाई चरचा से पकड़कर उनसे पूछताछ किया गया। पूछताछ में पूरन एवं विधि विरूद्ध बालक द्वारा बताया गया कि चरचा निवासी शमसेर उर्फ गगन बसोर पिता दिलीप बसोर उम्र 19 वर्ष के साथ हम दोनों के द्वारा उक्त चोरी की गई है। जिसके पश्चात कोरिया की पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताए स्थान पर आरोपी शमसेर उर्फ गगन बसोर को पोड़ी जिला एमसीबी से हिरासत में लिया गया।

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

(अम्बिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अम्बिकापुर)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561

ANSH COMPUTER EDUCATION
PGDCA
DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.Sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878



## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** नाबालिग द्वारा आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। नाबालिग द्वारा मौत से पहले छोड़े गए सुसाइड नोट के आधार पर कार्रवाई की गई है। आरोपी ने नाबालिग को शादी का झांसा दिया और फिर शादी से मुकर गया। बता दें कि थाना अंतर्गत ग्राम चिलमाकला निवासी नाबालिग किशोरी 21 जून को खाना खाकर घर में सोइ थी और जब अगली सुबह परिजन सोकर उठे तो नाबालिग की लाश फांसी पर झूल रही थी। नाबालिग द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस को मृतिका द्वारा लिखित सुसाइड नोट मिला था। मृतिका ने सुसाइड से पहले करवां निवासी रामकेवल का नाम लिखते हुए अपनी मौत के लिए युवक को जिम्मेदार ठहराया था जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर जांच के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर करवां निवासी 18 वर्षीय रामकेवल टेकाम आ. बसंत टेकाम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने अनुसार आरोपी ने युवक ने मृतिका को शादी का झांसा देकर उसका उसका फायदा उठाया लेकिन बाद में शादी से मुकर गया। जब किशोरी ने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया जिसके प्रताड़ित होकर नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने आरोपी को धारा 306 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, एसआई दिनेश राजवाडे, प्रधान आरक्षक श्याम लाल, आरक्षक रिंकु गुप्ता, अमृत सिंह, हरि डनसेना, संतोष सिंह, विजय पैकरा, मोती राजवाडे, शिव शंकर कुजुर सक्रिय रहे।

- शादी का वादा कर किया इंकार, नाबालिग ने फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

# कार के कुचलने से बालिका की मौत, बालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

ग्राम समौली में सड़क किनारे खड़े कार सवार द्वारा अचानक गेट खोल देने से पीछे से आ रहे बाइक सवार टकरा गया। दुर्घटना में सड़क पर गिरी बालिका को अज्ञात कार चालक ने कुचल दिया जिससे बालिका की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम कुसमुसी निवासी नंदलाल पैकरा सोमवार को 13 वर्षीय पुत्र ज्योति व भांजे आशीष को बाइक से लेकर आय जाति निवास बनवाने के लिए तहसील कार्यालय जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम समौली के समीप पहुंच तभी सड़क किनारे खड़े कार सवार ने अचानक गेट को खोल दिया जिससे बाइक सवार गेट से टकरा कर सड़क पर गिर गए। इधर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात कार चालक ने बालिका को कुचलते हुए फरार हो गया। कार की चपेट में आने से बालिका की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बालक को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। साथ ही पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार में घटना कारित वाहन की तलाश शुरू कर दी है। वहीं तहसीलदार द्वारा परिजन को 25 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई।


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस।

**वाहन की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र गंभीर**

अम्बिकापुर। बतौल शिवपुर के समीप वाहन की टक्कर से गंभीर हुए पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पिता अपने पुत्र को शहर के हॉस्टल पहुंचाने आ रहा था तभी दुर्घटना हुई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम चुंदापाठ निवासी दया शंकर यादव आ. अकूल (40 वर्ष) गत दिन 11 वर्षीय पुत्र शंखलाल को अम्बिकापुर स्थित हॉस्टल में पहुंचाने बाइक से आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार बतौली शिवपुर के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान पिता की मौत हो गई जबकि पुत्र की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## अभिभावकों ने की बीईओ से प्रधान पाठक की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

ग्राम पंचायत सुरता छातापारा स्थित प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक समय लाल सिंह पर बच्चों के साथ गाली-गलौज व मारपीट का आरोप अभिभावकों ने लगाया है। साथ ही घटना की शिकायत बीईओ से की है।

अभिभावकों का आरोप है कि प्रधान पाठक समय लाल सिंह रोज स्कूल में बच्चों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करते है। स्कूल के बालिकाओं ने घटना की जानकारी अभिभावकों को दी। जिस पर अभिभावक एकजुट होकर सरपंच को लेकर स्कूल पहुंचे। स्कूल में हेडमास्टर समय लाल सिंह नशे में धुत मिला। सरपंच ने हाई स्कूल के प्रिंसिपल खलखो और स्कूल के प्रभारी को बुलाकर दिखाया गया। उन्होंने बताया कई बार इनकी शिकायत हो चुकी है और बीईओ को सूचना भी दी गई है। लेकिन सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे है। इधर पालकों का कहना है अगर ऐसे ही रवैया रहा तो अपने बच्चों का नाम कटवा कर दूसरी जगह अपने बच्चों को पढ़ने भेजेंगे।

**कराया गया है अवगत**

पंचनामा तैयार कर समय लाल सिंह प्रधान पाठक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित किया गया है। संभवत कल 3 जुलाई को प्रधान पाठक के विरूद्ध कार्रवाई होगी।

-पंडित भारद्वाज
बीईओ रामानुजनगर

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में युवक को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एक वर्ष पूर्व शादी समारोह से घर लौट रही नाबालिग से जबरन सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने अपना सुनाया है। इस घटना को तीन विधि से संघर्षरत बालकों के साथ ही एक युवक समेत चार लोगों ने अंजाम दिया था।
आज अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली जनजाति समाज की नाबालिग बालिका 1 अप्रैल 2023 को शादी समारोह से देर रात वापस लौट रही थी। इस दौरान रात 12 बजे तीन नाबालिग के साथ ही सीतापुर प्रतापगढ़ कंवरपारा निवासी 22 वर्षीय आकाश चौधरी आ. राधेश्याम चौधरी ने उसका रास्ता रोक लिया। इनमें से एक विधि से संघर्षरत बालक ने नाबालिग को उनके साथ संबंध बनाने के लिए बोला और मना करने पर झूठे आरोप से गांव में बदनाम करने की धमकी दी लेकिन जब नाबालिग नहीं मानी तो उसे खींचकर आरोपी एक सूने मकान के पीछे ले गए जहां दो विधि से संघर्षरत बालक व आरोपी आकाश चौधरी ने दुष्कर्म किया। इसके साथ ही आरोपियों ने नाबालिग को शोर मचाने या दूसरों को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। देर रात 3 बजे तीनो विधि से संघर्षरत बालक व आरोपी आकाश चौधरी नाबालिग को छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद किसी तरह नाबालिग घर पहुंची लेकिन डर के कारण उसने इस घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। अगले दिन नाबालिग द्वारा घटना की जानकारी परिजन को दी जिसके परिजन के साथ पहुंचकर नाबालिग ने मामले की शिकायत पुलिस से की। मामले में पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालकों के साथ ही आकाश चौधरी को गिरफ्तार किया था। आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस गंभीर मामले में आरोपी 22 वर्षीय आकाश चौधरी आ. राधेश्याम चौधरी को दोषी मानते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास, 500 रुपए अर्थदंड व राशि जमा नहीं करने पर 6 माह की सजा, धारा 376 घ के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास 1 हजार रुपए अर्थदंड राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष कारावास, धारा 506 (2) के तहत 6 माह सश्रम, 100 रुपए अर्थदंड व राशि जमा नहीं करने पर 15 दिवस के कारावास, धारा 5 (छ)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत 20 वर्ष सश्रम व 1 हजार रुपए अर्थदंड, राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के कारावास एवं धारा 3(2)(v) अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत आजीवन कारावास, एक हजार रुपए अर्थ दण्ड व राशि जमा नहीं करने पर 1 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने नाबालिग को क्षतिपूर्ति योजना के तहत 5 लाख रुपए प्रदान करने की अनुशंसा की गई है।



**खबर संक्षेप**

### विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा का तृतीत सत्र 22 से 26 जुलाई तक आहूत की गई है। ऐसे में 2 से 30 जुलाई तक विधानसभा के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्रावधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय या मुख्यालय में रहना रहेंगे। अति आवश्यक कार्य या अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा एवं जिला स्तर के अधिकारी के अवकाश हेतु कलेक्टर सरगुजा से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे।

### रिक्त सीट पर विद्यार्थियों को मिलेगा प्रवेश

**बैकुण्ठपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय महलपारा में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए कक्षा तीसरी, छठवीं और सातवीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन पत्र 3 से 8 जुलाई तक ऑफलाइन माध्यम से आवेदन मंगाए गए हैं। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार शर्मा बताया कि आवेदकगण विद्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### दूध भी मिला गुणवत्ताहीन, सभी को जारी किया गया नोटिस

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने की होटलों की जांच, मिली गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बारिश के मौसम में होने वाले मौसमी बीमारियों को देखते हुए कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा होटलों में जांच की गई। गंदगी के कारण होने वाले दुष्परिणामों से बचाव के लिए खाद्य प्रतिष्ठानों में टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान बलरामपुर हाई स्कूल चौक पर स्थित जनता होटल व गुप्ता होटल का टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान गुप्ता होटल में पानी संधारित करने वाले टंकी में गन्दगी मिली जिसके बाद पानी को भवन के साथ ही किचन में गंदगी पाए जाने पर उन्हें नोटिस जारी किया या और तीन दिनों के अंदर साफ सफाई की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए। होटल संचालकों को व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई है। वहीं टीम ने चौपाटी के दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भंडारित किए गए ब्रेड के पैकेट पर पैकेजिंग व एक्सपायरी तिथि अंकित नहीं थी। ऐसे में ब्रेड उत्पादन फर्म को नोटिस भेजने के निर्देश दिए गए। टीम द्वारा रामकृष्ण भोजनालय व पिंगाक्ष होटल का निरीक्षण किया गया। होटलों में मिल्क एनालाइजर से जांच के दौरान गुणवत्ताहीन दूध पाए जाने पर दोनों संस्थान में दूध उपलब्ध कराने वालो को नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।


जांच करते अधिकारी।



# बच्चों को चकाचौंध से दूर रखना चाहते हैं आयुष्मान

**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना और ताहिरा फिल्मी जगत के चर्चित चेहरे हैं, ऐसे में दोनों को फैंस का काफी प्यार भी मिलता है। आयुष्मान को अपने काम की वजह से लोगों की नजरों में रहना पसंद है। वह अक्सर सार्वजनिक जगहों पर देखे भी जाते हैं। हालांकि, वह अपने बच्चों को ऐसी सार्वजनिक उपस्थिति से दूर रखना चाहते हैं। वह अपने दोनों बच्चे विराजवीर और वरुष्का को फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर रखना चाहते हैं। इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने बताया कि वह फोन कर के पैपराजी को अपने बच्चों की तस्वीरें लेने के लिए नहीं बुलाते, क्योंकि उन्हें लगता है बच्चों को खुल कर जीने की आजादी होनी चाहिए।

## लाइफ Style



# तब्बू फोकट में करवाया 40 सितारों से डांस?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की सुपरहिट फिल्म 'ओम शांति ओम' कई वजहों से फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद खास रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने वाली ये फिल्म 17 साल बाद एक फिर से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म को लेकर तब्बू ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

फिल्म में कैमियो करने वाले सभी सितारों को शाहरुख खान की तरह से महंगे उपहार मिले थे।'ओम शांति ओम' साल 2007 में रिलीज हुई थी। यह उस साल की सुपरहिट फिल्म थी। यह बॉलीवुड की एकलौती फिल्म है, जिसमें 40 से अधिक बड़े-बड़े सितारों ने कैमियो किया था। इस कैमियो में बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू का भी नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस गाने के लिए सभी ने अपने पर्सनल रिलेशन और समझ के साथ इस फिल्म के गाने को किया था। गाने को लिए मेकर्स ने किसी को फीस नहीं दी थी। हालांकि तब्बू ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। फिल्म की कमाई की बात करें तो, फराह खान के निर्देशन बनी इस फिल्म को शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान ने प्रोड्यूसर किया था। इस फिल्म के मेकर्स ने करीब 40 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था, जिसने दुनिया भर में 150 करोड़ की कमाई की। साल 2007 की ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। आपको याद दिला दें कि तब्बू यहां जिस गाने की बात कर रही हैं वह गाना है 'दीवानगी दीवानगी'। इस गाने में जूही चावला, काजोल, करिश्मा कपूर, लारा दत्ता, मलाइका अरोड़ा, मिथुन चक्रवर्ती, प्रीटी जिंटा, प्रियंका चोपड़ा, रानी मुखर्जी, रेखा, सुष्मिता सेन, रितेश देशमुख, सैफ अली खान, सलमान खान, संजय दत्त आदि ने शानदार कैमियो किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ए एंग्री बड्र्स...' का ऐलान

**नई दिल्ली।** 'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' के प्रोडक्शन को शुरू करने का ऐलान हो चुका है। सीरीज की तीसरी फिल्म रेड और चक के रोमांच को जारी रखेगी। इसमें एक बार फिर जेसन सुदेइकिस रेड की आवाज बनेंगे और जोश गैड फिर चक की आवाज के रूप में वापसी करेंगे। डीएनईजी एनिमेशन इस फिल्म के लिए एनिमेशन की कमान संभालने वाला है। हालांकि, कास्टिंग से जुड़ी और खबरों की ओर भी जल्द ही घोषित की जाएंगी।'द एंग्री बड्र्स मूवी 3' पहली दो एंग्री बड्र्स फिल्मों की सफलता के बाद आ रही है।



# एमसीयू के बाद अब डीसीयू से जुड़ेंगे क्रिस

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता क्रिस प्रैट मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में काम करने के बाद अब डीसी स्टूडियो के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में, 'सुपरमैनः लिगेसी' के सेट पर उनकी मुलाकात जेम्स गन के साथ हुई। इस मुलाकात को लेकर जब क्रिस से पूछा गया कि वो कौन सा किरदार निभाना पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि वो इसे तय करने का काम जेम्स और प्रशंसकों पर छोड़ रहे हैं। बता दें कि दोनों ने आखिरी बार साल 2023 में साथ में काम किया था। डीसी स्टूडियो में शामिल होने के सवाल पर क्रिस प्रैट ने बेझिझक हां में अपना जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर काम उनके शेड्यूल के हिसाब से ठीक रहा तो यह उनके लिए सही होगा। क्रिस ने कहा कि उन्हें स्टार-लॉर्ड का रोल करना पसंद हैं।



# कैंसर पीड़ितों को नहीं डरना चाहिए...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने जिस दिन इस बात का खुलासा किया था, तभी से उनके चाहने वाले उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। इसी बीच, अब हिना खान ने कैंसर से जंग लड़ रहे लोगों के लिए एक खास संदेश साझा किया है। साथ ही इस बात की भी उम्मीद जताई है कि उनकी यह यात्रा लोगों को प्रेरणा देने का काम कर सकती है। हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी कैंसर से लड़ने की यात्रा को लेकर लिखा कि यह उन सभी साहसी महिलाओं और पुरुषों के लिए है, जो कैंसर की मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि मेरी यात्रा इतनी साहसी और प्रेरक हो कि लोग अपनी कहानियों में एक नया पन्ना खोल सकें।




# 'द बकिंघम...' 13 सितंबर को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' को रिलीज डेट मिल गई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'हम 'द बकिंघम मर्डर्स'की रिलीज डेट का एलान करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी'। इसके साथ फिल्म से करीना कपूर का पोस्टर भी साझा किया है। 'द बकिंघम मर्डर्स' का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर हुआ था, जिसक खूब तारीफ हुई। इसके अलावा मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। इस फिल्म में करीना कपूर एक जासूस महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम जस भामरा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस से पायल के बाहर होने पर पति अरमान खुश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हुए पूरे एक हफ्ते हो चुके हैं। इस एक हफ्ते में दर्शकों को काफी ड्रामा देखने को मिला। रविवार की रात पायल मलिक को बिग बॉस के घर से बाहर होना पड़ा। बिग बॉस के सभी प्रतिभागी पहले दिन से ही इस शो में अपने पैर जमाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिख रहे हैं। पायल मलिक के घर से बाहर होने के बाद उनके पति अरमान के रिएक्शन ने सभी को चौंका दिया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के घर से बाहर होने वाली दूसरी प्रतिभागी पायल मलिक हैं। उनका निष्कासन हुआ। पायल का घर से जाना बाकी प्रतिभागियों के लिए बेहद चौंकाने वाला था। पायल के घर से बेदखल होने के बाद कृतिका पूरी तरह से टूटी हुई नजर आईं। वह फूट-फूट कर रोने लगीं। उन्हें संभालने के लिए अरमान उनके पास आएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान अरमान ने कहा कि उन्हें खुशी है कि पायल शो से चली गईं। अरमान ने कहा कि वह चाहते थे कि वह शो में बनी रहें और लड़ें, लेकिन अब जब वह चली गई हैं, तो वह भी इस बात से खुश हैं। मालूम हो की पायल मलिक अरमान की पहली पत्नी हैं। बाद में अरमान ने उनकी दोस्त कृतिका से शादी कर ली।

### घर से बेघर होते ही नीरज गोयत ने इन प्रतियोगियों पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत से ही हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों का काफी मनोरंजन हो रहा है। शो के पहले हफ्ते में ही मिड वीक एविक्शन हुआ, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जनता के कम वोटों के कारण बॉक्सर नीरज गोयत घर से बेघर हो गए। वहीं, अब नीरज ने बाहर आते ही सभी प्रतियोगियों की पोल-पट्टी खोल दी है। बॉक्सर ने हर किसी की गेम का खुलासा कर प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। नीरज ने मिड वीक में ही अपने एविक्शन पर बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे अच्छा खेलने का मौका नहीं दिया गया। मेरा एविक्शन कोई पचा नहीं सकता। बाहर आकर मैंने लोगों की प्रतिक्रियाएं देखीं। वे मुझे उस घर में और देखना चाहते थे। मुझे नहीं लगता कि मेरे वोट कम थे।'



# धमाकेदार हैं कालीन भैया के ये डायलॉग सोशल मीडिया पर खूब हुए वायरल

**नई दिल्ली।** मशहूर सीरीज 'मिर्जापुर 3' 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। जैसे-जैसे इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। सीरीज के पहले और दूसरे सीजन ने भौकाल काट दिया था। तीसरे सीजन को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें भी हैं। इसके पहले दो सीजन में कई सारे संवाद ऐसे थे जो लोगों की जुबान पर आ गए। इन डायलॉग्स के सोशल मीडिया पर खूब मीम्स भी बनें। पहले और दूसरे सीजन में सबसे ज्यादा वायरल, जबरदस्त और प्रभावशाली संवादों में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया) का डायलॉग रहा है। मिर्जापुर के सीजन 2 से कालीन भैया का डायलॉग 'जो आया है, वो जाएगा भी बस मर्जी हमारी होगी' ने प्रशंसकों को काफी प्रभावित किया। इस संवाद में लोगों को कालीन भैया की शक्ति और आत्मविश्वास की झलक मिली। इसके दूसरे सीजन से ही कालीन भैया का एक और संवाद काफी मशहूर हुआ, जिसमें वह 'गद्दी पर चाहे हम बैठें या मुन्ना, नियम सेम होंगे' कह रहे हैं। इस डायलॉग को भी काफी पसंद किया गया। लोगों ने इससे जुड़े खूब मीम्स बनाएं।




# ब्लॉकबस्टर फिल्म '36 घंटे' की है गोल्डन जुबली

## राज कुमार-माला सिन्हा की अद्भुत थ्रिलर सस्पेंस कहानी

**नई दिल्ली।** 1974 में बनी राज तिलक द्वारा निर्देशित हिंदी फिल्म '36 घंटे' की 1 जुलाई सोमवार को गोल्डन जुबली थी। यह एक थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म थी। आइए जानते हैं 50 साल पुरानी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी। '36 घंटे' को आज रिलीज हुए पूरे 50 साल हो गए हैं। इस फिल्म में राज कुमार, माला सिन्हा, सुनील दत्त, विजय अरोड़ा, परवीन बॉबी, रंजीत, डैनी डेन्जोंगपा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 1955 की अमेरिकी फिल्म 'द डेस्परेट ऑवर्स' का रीमेक है, जिसे जोसेफ हेस के 1954 के उपन्यास से रूपांतरित किया गया था।




जेल में बंद तीन अपराधी हिम्मत सिंह (सुनील दत्त), उसका भाई अजीत सिंह (रणजीत) और दिलावर खान (डैनी डेन्जोंगपा) जेल से भागकर संपादक अशोक राय (राज कुमार) के घर पर कब्जा कर लेते हैं। भागने वाले अपराधी अशोक राय, उनकी पत्नी दीपा राय (माला सिन्हा), बेटे राजू और बेटी नैना (परवीन बॉबी) को बंधक बना लेते हैं। अपराधी तब तक परिवार को बंधक बनाए रखने की योजना बनाते हैं, जब तक कि उनकी सहयोगी कामिनी (सोनिया साहनी) उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं करती।

### बॉक्स ऑफिस पर की जमकर कमाई

फिल्म में कई अभिनेताओं ने काम किया है। फिल्म '36 घंटे' उस समय की ब्लॉकबस्टर फिल्मों से एक है। फिल्म ने बॉक्सऑफिस पर खूब जमकर कमाई की थी। इस फिल्म में कई अभिनेताओं ने एक साथ काम किया था। ये ऐसे तीन भाइयों की कहानी है, जो अपराधी होते हैं। फिल्म में हिम्मत सिंह का किरदार सुनील दत्त ने निभाया है, जो कि एक अपराधी है। इसमें हिम्मत का भाई अजीत सिंह भी अपराधी होता है, इसका किरदार अभिनेता रणजीत ने निभाया है। इन दोनों का एक और भाई है, जिसका नाम दिलावर खान है, जिसका किरदार डैनी डेन्जोंगपा ने निभाया है।

## 'हिचकी' टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही ऐसी लड़की की कहानी है जो शिक्षक बनना चाहती है

# शिक्षा व्यवस्था पर बनीं फिल्में, असमानता और भेदभाव जैसे मुद्दों पर की चोट

*__मुंबई।__ सिनेमा जगत में शिक्षा व्यवस्था पर बहुत कम फिल्में बनती हैं। अधिकतर फिल्मों में स्कूल का दृश्य तभी देखने को मिलता है, जब दर्शकों को मुख्य किरदार के बचपन की कहानी की थोड़ी-बहुत झलक दिखानी होती है। इस विषय के सूखे के बावजूद कुछ फिल्में ऐसी आ चुकी हैं, जिनमें अलग-अलग ढंग से अहम मुद्दों को दिखाने की कोशिश की गई है। 'चॉक एन डस्टर', 'हिचकी', 'स्टेनली का डब्बा' और 'हिंदी मीडियम' ऐसी फिल्में हैं, जिनमें शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर बात की गई है। इनमें भेदभाव, असमानता, स्कूल में समावेशिता की जरूरत और शिक्षण में आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया हैं।*

### स्टेनली का डब्बा

'स्टेनली का डब्बा' साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अमोल गुप्ते ने किया है। फिल्म की कहानी एक स्कूल के लड़के के इर्द गिर्द चलती है, जो लंच बॉक्स लेकर नहीं जाता है। फिल्म स्कूल के बच्चों के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर पर हो रहे भेदभाव पर रोशनी डालती है।






### हिचकी

'हिचकी' फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी देखने को मिलती है, जो टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही होती है और एक शिक्षक बनना चाहती है। 'हिचकी' फिल्म पढ़ाने में आने वाली चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था में समावेशिता पर बात करती है। इसका निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने मुख्य किरदार अदा किया है।




### चॉक एन डस्टर

'चॉक एन डस्टर' को साल 2016 में रिलीज किया गया था। इसमें भारतीय शिक्षा व्यवस्था में काम करने वाले शिक्षक के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म शिक्षा के व्यवसायीकरण और शिक्षकों पर पड़ने वाले दबाव पर भी बात करती है। इसका निर्देशन जयंत गिलातर ने किया है। फिल्म में जूही चावला ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

### हिंदी मीडियम

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'हिंदी मीडियम' में एक ऐसे पति-पत्नी की कहानी दिखाई गई है, जो मध्यम वर्ग से आते हैं और अपनी बेटी का दाखिला अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में कराना चाहते हैं। यह फिल्म समाज का अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के प्रति आकर्षण और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में असमानता के मुद्दे पर बात करती है। इसका निर्देशन साकेत चौधरी ने किया है। फिल्म में इरफान खान के साथ-साथ सबा कमर, दीपक डोबरियाल और नेहा धूपिया समेत कई कलाकारों ने काम किया है।



## खबर संक्षेप

### एसईसीएल के सिविल व वित्त विभाग के अधिकारियों का तबादला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ सिविल व वित्त विभाग के अधिकारियों के प्रभार को बदलते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यालय द्वारा जारी तबादला आदेश में बिश्रामपुर क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से अधिक समय से पदस्थ स्टॉफ ऑफिसर सिविल एस थंगराज का तबादला बैकुंठपुर क्षेत्र किया गया है उनकी जगह चिरिमिरी क्षेत्र में पदस्थ अविनिश कुमार बिश्रामपुर के नए स्टॉफ ऑफिसर सिविल नियुक्त किए गए हैं।चेतन प्रकाश को जोहिला से भटगांव, प्रदीप कुमार द्विवेदी भटगाँव से जमुना कोतमा,पी के पांडेय बैकुंठपुर से चिरमिरी, इस प्रकार कुल 17 सिविल अफसरों का कम्पनी प्रबंधन ने तबादला कर उनके प्रभार को बदल दिया है। इसके अलावा एक अन्य आदेश में सिविल विभाग के दर्जन भर से अधिक एसिस्टेंट इंजीनियर ओवरसियरों का तबादला कर उन्हें दूसरे जगहों पर कार्य करने निर्देशित किया गया है जिसमें एसिस्टेंट इंजीनियर अली रिजवी को भटगांव से बिश्रामपुर, जगरनाथ नंदी को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर, सुरेश कुमार डिकसेना बिश्रामपुर से बैकुंठपुर,डीके सिंह बिश्रामपुर से चिरिमरी,मिथलेश कुमार सिन्हा बैकुंठपुर से बिश्रामपुर, राजीव कुमार बैकुंठपुर से बिश्रामपुर तबादला किया गया है। वहीं वित्त अधिकारियों में डिप्टी मैनेजर फाइनेंस अनूप कुमार सिंह को बैकुंठपुर से जमुना कोतमा,अभ्यानंद शर्मा सीनियर ऑफिसर फाइनेंस को बिश्रामपुर से भटगाँव तबादला किया गया है।

### बेटी की शादी को लेकर चिंतित मां ने जहर खाकर की आत्महत्या

**राजपुर।** बूढा बगीचा निवासी 45 वर्षीय देव कुमारी बरगाह ने बीती रात जहर खा लिया था जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार अबतक के बयान में यह बात सामने आई है कि महिला इस बात को लेकर चिंतित थी कि उसकी बेटी की शादी कैसे होगी। मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र विक्रम काशी की शिकायत पर थाने में धारा 194 के अंतर्गत पहला मर्ग कायम किया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री ने दूसरी समिति गठित करने दिए थे आश्वासन

# एकमात्र लघु वनोपज समिति पर निर्भर हैं आधा दर्जन गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

विकासखंड उदयपुर अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले सैकड़ों ग्रामीणों को आज भी वनोपज समिति आने के लिए लम्बी दूरी तय करना पड़ा है। डांडगांव लघु वनोपज समिति के दर्जनों गांव के लोगों ने अलग समिति गठन की मांग की थी। परंतु ग्रामीणों की मांग आज तक पूरी नहीं हो सकी। ऐसे में कई गांव के लोगों को डांडगांव लघु वनोपज समिति पर निर्भर रहना पड़ता है। जबकि गर्मी व बारिश के समय तेंदूपत्ता संग्राहकों को समिति आने में 20 से 30 किलोमीटर दूरी तय करने को मजबूर है।

**खास बात**

- नए समिति की गठन प्रक्रिया ठंडे बस्ते में

गौरतलब है कि डांडगांव लघुवनोउपज समिति के अधीन कुल 23 तेंदूपत्ता फड़ का संचालन किया जाता है। हजारों की संख्या में संगाहकों को अपने वनोउपज को समिति पहुंचाते जिससे उन्हें काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। डांडगांव स्थित समिति के दूर होने पर ग्रामीण ने अलग से घाटबर्रा समिति गठन करने की मांग की थी जिसमें साल्ही, हरिहरपुर, फत्तेपुर, घाटबर्रा, सुसकम, सेदु, परोगिया, पेडरखखी ,खुझी, बकोई, झिगाझरिया, पहाड़ कोरजा ,चकेरी आमा डुगु, तिलहर, सहित दर्जनों सहित अन्य दर्जनों गांव शामिल है। ग्रामीणों द्वारा लम्बे समय से अलग समिति बनाने की मांग की जा रही है परंतु चार साल बाद भी नए समिति का गठन नहीं हो सका। आज भी समिति के संग्राहकों को बैंक खाता खुलवाने, बीमा योजना की सहायता राशि, जन धन योजना सहित कई काम के लिए न सिर्फ निर्भर होना पड़ता है बल्कि ग्रामीण 20 से 30 किलोमीटर दूर सफर करने को मजबूर है।


वन लघु उपज समिति।

**उच्चाधिकारियों को कराएंगे अवगत**

ग्रामीणों द्वारा अलग समिति की मांग की गई है तो ग्रामीणों की मांग के आधार पर नए लघु वनोपज समिति गठन के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। नए समिति गठन हो जाने पर ग्रामीणों को लंबी दूरी से राहत मिलेगी।
-कमलेश राय, वन परिक्षेत्रा अधिकारी उदयपुर

**पूर्व की गई थी घोषणा**

पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री जब ग्राम पंचायत साल्ही आए थे तब उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर घाटबर्रा को तत्काल नया लघु वनोपज समिति बनाने की घोषणा की थी। साथ ही अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके समिति बनाने की घोषणा सिर्फ घोषणा बन कर रह गई और फाइल टेबल में ही सिमट कर रह गया। नए समिति के गठन नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

**भवन में लटका रहता है ताला**

डांडगांव लघु वनोपज समिति का भवन लगभग 25 से 30 साल पुरानी होने से जर्जर हो चुकी थी। हालांकि कुछ साल पहले ही भवन की मरम्मत कराई गई है। भवन का मरम्मत तो कराया दिया गया परंतु भवन में हमेशा ताला लटकने से ग्रामीण परेशान है। गर्मी में तेंदूपत्ता तुड़ाई के बाद ग्रामीण विभिन्न कार्य के लिए लंबी दूरी तय लघु वनोपज समिति पहुंचते है लेकिन भवन में ताला लटकने से निराश होकर वापस लौट जाते है। आए दिन भवन में ताला बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

## प्रवेश नहीं देने पर कलेक्टर एवं डीईओ से शिकायत

**सूरजपुर।** जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों एवं अशासकीय स्कूलों के छात्रों को प्रवेश नहीं देने एवं परेशान करने के सम्बंध में सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कर ने कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत किया है। साथ ही समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की है।



दीपक कर ने बताया कि जिले के विभिन स्कूलों में खासकर शासकीय स्कूलों के सम्बंध में शिकायत मिल रही है कि स्कूल वाले अन्य स्कूल से आने वाले छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से एडमिशन नहीं दिया जा रहा है। छात्र-छात्राएं जब एडमिशन के लिए दूसरे स्कूलों में जा रहे है तो वहां के स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें यह कह कर मना कर दे रहे है कि आप जिस स्कूलों में पहले पढ़ाई कर रहे थे वही जाकर पढ़ो। कई छात्र पूर्व में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई कर रहे थे किंतु जब वे अपने गांव के नजदीक शासकीय स्कूल में एडमिशन लेने जा रहे है तो उन्हें प्राइवेट स्कूल में पढ़ने कहा जा रहा है। कई छात्र-छात्राओं के परिजनों की आर्थिक स्थिति अच्छी नही है जिस कारण बच्चो को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाने में सक्षम नही है। विकाशखण्ड के ग्राम डुमरिया हायर सेकंडरी स्कूल के प्रबंधन सहित प्रेमनगर विकासखण्ड के शासकीय स्कूलों में अन्य स्कूल से आने के कारण छात्र-छात्राओं को नियमित एडमिशन नही दिया जा रहा है जिस कारण छात्र-छात्राएं व परिजन परेशान है।

## बतरा में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को प्रशासनिक जांच दल ने किया सील



**बिश्रामपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला स्तरीय नर्सिंग होम, औषधि प्रशासन तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम पंचायत बतरा में स्थित प्रजापति मेडिकल स्टोर में सील बंद करने की कार्रवाही की गई। प्रजापति मेडिकल स्टोर में पूर्व में ही जांच किया गया था। जिसमें संचालक द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन करते हुए अधिक मात्रा में दवाइयां, सिरिंज तथा दवाई की खाली बोतल उपयोग की गई थी। पूर्व में ही अवैध रूप से संचालित क्लीनिक संचालक को समझाइश दी गई थी, इसके बावजूद क्लिनिक संचालक द्वारा अवैध रूप से क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। प्रजापति मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन बीएमडब्लू का उल्लंघन करते हुए पाया गया और संयुक्त जांच टीम द्वारा दुकान को सील बंद करने की कार्यवाही की गई।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202406020700133/**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः-2023-2024
अंबिकापुर प.ह.न. 00015 [1915/2(0.0400हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-सुनीता, अनावेदक पक्षकार-गोकुल, मुरारी, रामभरोष, फुलमती पिता अमृत, भगमनिया कलेश्वरी बेवा रामप्रसाद, सोनू, सोना, शिवशंकर, ज्योति, मीना, सुनीता, रमेश, कन्हैया, कुसुम, सुनीता.

**ईश्तहार**

आवेदक सुनीता पिता रामप्रसाद, निवासी जनपदपारा, प्रतापपुर रोड, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.गा. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 1915/2 रकबा 0.040 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व. गोकुल राम का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15.07.2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/06/2024 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील, अम्बिकापुर






## देश में लागू तीन नए कानूनों से आमजन को कराया अवगत

**बिश्रामपुर।** सोमवार एक जुलाई से देश भर में लागू किए गए तीन नए कानूनों से आमजनों को अवगत कराने थाना स्तर पर सेमिनार का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों ने आमजनों को तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता 2023,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023,भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के प्रावधानों से अवगत कराया गया। जयनगर थाना प्रांगण में आयोजित सेमिनार में अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नंदिनी ठाकुर, नगर निरीक्षक जयनगर नरेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक सरफराज फिरदोसी, लटोरी चौकी प्रभारी विराट विशी ने आमजनों को बारी बारी से नए कानून की जानकारी दी,उपस्थितजनों को बताया गया कि लागू हुए नए क़ानूनों में बच्चो व महिलाओ से जुड़े अपराधो में कड़े दंड के प्रावधान किए गए हैं, पुराने कानूनों ने अंग्रेजो ने अपनी सुविधा के अनुसार लागू किया था जिसमे न्याय की प्रकिया लंबी खींचती थी लेकिन अब नए कानूनों में समय पर सुनवाई के साथ प्रकरणों के समय पर निराकरण हो सकेगा।बताया गया कि नए कानूनों को लागू करने का मुख्य उद्देश्य आधुनिक न्याय व्यवस्था को लागू करना है, पूर्व की आईपीसी में 511 धाराएं थी जबकि भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं ही हैं। इसमें जीरो एफआईआर, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने एस एम एस या ईमेल से सम्मन भेजने तथा जघन्य अपराध की वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान अनिवार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब देश भर में कही भी किसी थाने में अपराध दर्ज कराने की व्यवस्था की गई है। पहले की तरह अब गवाहों के मुकरने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सकेगी। गवाह साक्ष्य में वीडियो ग्राफी से न्याय की प्रकिया आसान होगी। शिकायत जांच जैसे मामलों को पुलिस को अब चौदह दिवस के अंदर उनका निराकरण करना होगा, जुआ को अब संगठित अपराध की श्रेणी में रखा गया है, इस दौरान बड़ी संख्या में आमजन, कॉलेज के विद्यार्थी सहित थाने के पुलिस कर्मी उपस्थित थे।



### बिश्रामपुर थाना में भी हुआ सेमिनार जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराज़गी

बिश्रामपुर थाना में भी एसडीओपी एसएस पैकरा व थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा की अगुवाई में आमजनों को नए कानूनों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। यहां पर एसडीओपी श्री पैकरा द्वारा मौजूद लोगों को बताया गया कि अब बिना अनुमति आंदोलन या चक्काजाम करना गम्भीर अपराध की श्रेणी में आ गया है साथ ही डिजिटल एविडेन्स भी अब न्यायालय में मान्य होंगे। इस दौरान थाना प्रांगण में मौजूद जनप्रतिनिधियों नागरिकों ने क्षेत्र में हो रही सिलसिलेवार चोरी व दर्ज हुए एफआइआर का कोई निराकरण नहीं हो पाने से अपनी नाराजगी जताई साथ ही बिश्रामपुर पुलिस की कार्यशैली पर भी मौजूद लोगों ने सवाल उठाए। मामले में सीएसपी श्री पैकरा द्वारा जल्द चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने की बात कही। थाना प्रभारी ने भी चोरी की घटनाएं बढ़ने पर अपना मुखबिरी चैनल कमजोर होने की बात स्वीकारी साथ ही उन्होंने भी जल्द ही कुछ चोरी के मामले का खुलासा कर लेने की बात कही। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव, शिवनंदनपुर उपसरपंच कृष्ण गोयल, रामनारायण सिंह, भाजपा नेता ललित गोयल, सितीकांत स्वाइं, दीपेन्द्र चौहान, रितेश जयसवाल, राहुल जयसवाल, दिप्ती स्वाइं व अन्य मौजूद रहे।















### थाना परिसर में दी गई नए कानूनों की जानकारी

**राजपुर।** तीन नए कानून आज से लागू हो गए है। कानून के लागू होने पर थाना परिसर में टीआई भारद्वाज सिंह द्वारा नए कानून के संबंध में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, पार्षद, सरपंच व आम लोगों को जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शून्य पर एफआईआर अब दर्ज होंगे, ई एफआईआर, इलेक्ट्रॉनिक साधनो का उपयोग कर मोबाइल फोन, वाटस एप, ई मेल व अन्य संचार माध्यमों से सूचना भेजने एवं कथन दर्ज कराने की सुविधा दी गई है। पुलिस की कार्यवाही एवं जनता के कानूनी अधिकार आदि के संबंध विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक में संजय सिंह, राजेन्द्र तिवारी, नगर पंचायत राजपुर के अध्यक्ष धरम सिंह, गौरीशंकर अग्रवाल, शिवनाथ यादव, प्रवीण अग्रवाल, अनिल दूबे, सुरेश सोनी, शिवनाथ जायसवाल, मनोज अग्रवाल, प्रदीप जायसवाल, राजन त्रिपाठी, नपं सीएमओ राजेश कुशवाहा, उपनिरीक्षक कमलेश्वर साय व अन्य मौजूद थे।

### थाना परिसर में लोगों को दी गई नए कानून की जानकारी

**बतौली/सेदम।** बतौली थाना परिसर में क्षेत्र के लोगों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीन नए कानून के संबंध में बताया गया । थाना प्रभारी भरत लाल साहू ने कहा कि कानून में संशोधन करते हुए तीन नए कानून बनाए गए है। कुछ धाराओं में परिवर्तन किया गया है जिसे आम लोगों को जानना जरूरी है। अब आईपीसी धाराओं की जगह भारतीय न्याय संहिता लागू हुई है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में शराब बनाने मे रोक लगाने तथा क्षेत्र में शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की बात कही। उन्होंने बताया कि दुर्घटना होने पर दुर्घटना में घायल की सूचना पुलिस को देने और घायल मरीज को अस्पताल में इलाज करवाने पर आपराधिक धाराएं पूर्व की भांति ही लगाई जाएगी। अगर दुर्घटना पश्चात भाग जाने पर 10 लाख का जुर्माना और सश्रम कारावास की सजा लगाई जाएगी। तहसीलदार तारा सिदार ने कहा कि भाईचारे के साथ भूमि संबंधित प्रकरणों को निपटाने का प्रयास करना चाहिए ताकि आपराधिक घटनाओं में कमी आ सके। इस दौरान चंद्रप्रताप तिवारी, सरपंच हिंदाल पैकरा, विनोद शर्मा, प्रशांत खमरिया, अचल गुप्ता, आशीष गुप्ता, प्रदीप मिश्रा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

































**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तनुश्री साहा पत्नी सियाराम साहा निवासी भटठीरोड केदारपुर नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 543/56 रकबा 0.081 हे. अर्थात 20 डिसमिल भूमि को अनावेदक नन्द लाल बेहरा आ. माधव राम बेहरा निवासी शिवधारी कॉलोनी नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रुपये 1,15,00000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 05.08.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांकः- 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने कीर्ति, कन्हैया सचिव

**सीतापुर।** अधिवक्ता संघ के हुए प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में जीत हासिल करते हुए कीर्ति गुप्ता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने





अपने प्रतिद्वंद्वी अधिवक्ता संतोष गुप्ता पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ को हराकर यह पद हासिल किया। सचिव पद के लिए कन्हैया गुप्ता ने 22 मतों से अधिवक्ता इमरान इराकी पर जीत हासिल की। इसी तरह वरिष्ठ एवं कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए रामकुमार सिंह एवं हरीश गुप्ता चुने गए। ग्रंथपाल सचिव पद पर साधना किरण टोप्पो ने जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष एवं उप कोषाध्यक्ष पद के लिए जहरु लाल मिंज एवं जवाहर लाल प्रजापति निर्विरोध चुने गए। सहसचिव महिपाल सिंह, क्रीड़ा सचिव रविकांत उपाध्याय समेत कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जुगुलबिहारी पैंकरा, मदन मोहन गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता एवं अख्तर हुसैन निर्विरोध चुने गए।

### प्रतिनिधियों एवं फॉरेस्ट के अधिकारियों ने की पौधरोपण की शुरुआत

**उदयपुर।** संभाग में बीते गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए खाली जगहों पर हरियाली लाने विधायक राजेश अग्रवाल की



पहल पर विकासखंड उदयपुर के ग्राम सायर में 16 हजार और मानपुर में 49 हजार पौधे लगाने लक्ष्य रखा गया है। पौधरोपण की शुरुआत प्रतिनिधियों वे फॉरेस्ट के अधिकारियों ने बारिश आने के साथ ही आज शुरुआत की गई। इस दौरान एसडीओ वीरेंद्र ठाकुर, रेंजर मैरी कुजूर, विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, दिव्यांशु गोयल, अभय वर्मा एवं उदयपुर फॉरेस्ट विभाग के सिपाही, कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने चलाया अभियान



**रामानुजनगर।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत परसापारा में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित देवल्ला के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। जहां पूर्व में आसपास के लोगों द्वारा कचरा फेंक कर कचरे का ढेर लगा दिया गया था, जिससे लोगों को गन्दगी, बदबू व बीमारी का खतरा बना रहता था। आज साफ़ करने की पहल वार्ड पंच युगेन्द्र कुमार राजवाड़े द्वारा की गई और श्रमदान कर पंच, सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्रही समूह की महिलाएं, ग्रामीण, संकुल समन्वयक, एसडीएम के सहयोग से श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ़ सफाई की गई। श्रमदान कार्यक्रम को देख रहे तुलेश्वर राजवाड़े आ. राजनाथ राजवाड़े ने अपने घर हुए बच्चे का अन्नप्राशन कार्यक्रम के दौरान हुए कचरा को एकत्र कर खुद कचरा रिक्शा में डालने आ गए जिसे देख स्वच्छता दीदियों ने खुशी जाहिर की। साथ ही उसे 100 रूपए का इनाम दिया। साथ ही कभी भी सड़क किनारे खुले में कचरा न फेकने तथा किसी अन्य को भी ऐसा गलत कार्य नहीं करने को लेकर संकल्प लिया गया।

### यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान हो रहे परेशान



**लखनपुर।** किसान खेती के समय पर यूरिया खाद के नहीं मिलने चिंतित है। किसान लगातार आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित कार्यालय लहपटरा, लखनपुर ,कुन्नी में खाद लेने के लिए चक्कर काट रहे हैं। बारिश होने के साथ अब किसान खेती किसानी के कार्य में जुट गए है। समय पर फसल लगा सके इसके लिए अभी से तैयारी करना शुरू कर दिया है। लखनपुर क्षेत्र के कई खाद वितरण समिति में 16 जून से यूरिया खाद नहीं आने से किसान परेशान है। यूरिया खाद जो धान की शुरुआत खेती के फसल में यूरिया सख्त जरूरत होती है लेकिन यूरिया खाद न मिलने से किसान काफी परेशान हताहत है। अपनी फसलों को लेकर जनप्रतिनिधि अधिकारियों के पास गुहार लगाए हैं। बावजूद इसके किसानों को खाद नहीं मिल सकी जिससे किसान आक्रोशित हैं। सहकारी समिति प्रबंधक द्वारा बताया गया कि यूरिया खाद खपत के हिसाब से खाद नहीं मिल पा रहे हैं जिससे परेशानी हो रही है।

### पीएससी कोचिंग हेतु परीक्षा अब होगी 14 को

**अम्बिकापुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार राजीव युवा उत्थान योजनांतर्गत छग राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग हेतु पात्र अभ्यर्थियों का संभाग स्तर पर प्राक्चयन परीक्षा 30 जून को दोपहर 12 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की गई थी। किंतु उक्त दिवस पर प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड की परीक्षा होने के कारण विभाग द्वारा आयोजित प्राक्चयन परीक्षा की तिथि में संशोधन करते हुए उक्त प्राक्चयन परीक्षा को 14 जुलाई को अपरान्ह 12 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

---

### बीती रात हुई घटना, नगर पालिका के अधीन है सड़क

# जिला मुख्यालय के बीच गड्ढों में तब्दील हुआ गौरवपथ, गड्ढे के कारण टूटे ट्रक के पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

**खास बात**

- बाल-बाल बचा चालक

जिले में एनएच के साथ ही नगर के अंदर से होकर गुजरने वाली गौरव पथ भी जर्जर हालत में है। आलम यह है कि गौरव पथ पर जगह जगह गड्ढे हो गए है और लोग इन गड्ढों के कारण दुर्घटना के शिकार हो रहे है। बीती रात भी एक ट्रक सड़क पर बने गड्ढे के कारण दुर्घटना का शिकार हो गई। गड्ढे के कारण ट्रक का पिछला चक्का टूटकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन भविष्य में इन जानलेवा गड्ढों के कारण कोई भीषण घटना हो सकती है। बताया जा रहा है कि बिलाईगढ़ निवासी द्वारकेश यादव ट्रक क्रमांक सीजी 22 पी 3601 से बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद बिहार जा रहा था। इस दौरान बीती रात 10 बजे जैसे ही ट्रक नगर के बीच गौरव पथ पर जड़निया नाला के समीप पहुंचा सड़क पर बने गड्ढे में भरे पानी के कारण चालक गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा पाया। ट्रक का अगला पहिया गड्ढे में उछलकर बाहर निकल गया लेकिन पिछला चक्का जैसे ही गड्ढे में पड़ा पिछले चक्के के दोनों ओर के टायर निकलकर गिर गए और ट्रक वहीं सड़क पर खड़ा हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को कोई



गड्ढों में तब्दील गौरवपथ।

गंभीर चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को सड़क किनारे किया गया। चालक द्वारकेश यादव के अनुसार वह ढलान में सामान्य गति से वाहन चला रहा था लेकिन उसे गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा और गड्ढे में जाने के कारण ट्रक के दोनों ओर का पहिया टूट गया। बड़ी बात यह है कि उक्त घटना स्थल ब्लैक स्पॉट बन गया है। आए दिन इसी स्थान पर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। दुर्घटना के कारण गौरव पथ के रेलिंग भी टूट गए है।

#### पहली बारिश भी नहीं झेल पाई सड़क

बताया जा रहा है कि नगर पालिका द्वारा बारिश से पहले इस सड़क पर खाना पूर्ति के लिए मिट्टी मुरुम से गड्ढों को भरकर मरम्मत का कार्य किया गया था लेकिन गौरव पथ की सड़क पहली बारिश भी नहीं झेल पाई। हैरानी की बात तो यह है कि समय रहते बरसात से पूर्व गड्ढों को भरने व सड़क के मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया। महज 3 किमी के गौरव पथ के मरम्मत को लेकर जिले के प्रशासनिक अधिकारी गंभीर नहीं है। गड्ढे के कारण अगर ट्रक का पहिया टूट सकता है तो भविष्य में किसी बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। विदित हो कि एनएच 343 के बीच में शहर से होकर गुजरने वाली 3 किमी की सड़क गौरव पथ के रूप में नगर पालिका के अधीन है।

#### कराएंगे मरम्मत

बारिश के पूर्व मिट्टी मुरुम से सड़क के मरम्मत का कार्य कराया गया था। ज्यादा बारिश के कारण फिर से सड़क खराब हो गई है। बारिश रुकने के बाद सड़क पर बीटी कार्य कराकर मरम्मत कराया जाएगा।

-प्रणव राय, सीएमओ

---



## चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

देर रात घर में घुस कर चोरी करने वाले तीन चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई सामान को बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भुवनेश्वरपुर निवासी रामसुभग साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28-29 जून की दरम्यानी रात घर में घुसकर चोरों ने मोबाइल, 3 बोरी महुआ व 1 नग टुल्लू पंप चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति टूल्लू पम्प बेचने के लिए सूरजपुर की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने नारायणपुर के समीप टूल्ल पंप लेकर जा रहे भुनेश्वरपुर निवासी धीरेन्द्र सिंह आ.रामलखन (23 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि वह अपने साथी महेश चौबे उर्फ उमेश आ. सुरेन्द्र कुमार (27 वर्ष) व बैजू कुर्रे आ. रामलखन (34 वर्ष) के साथ मिलकर मोबाईल, महुआ व टूल्लू पंप चोरी कर आपस में बाट लिए है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी के 1 मोबाईल, 3 बोरी महुआ, टूल्लू पम्प बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेन्द्र साहू, एएसआई मनोज पोर्ते, प्रधान आरक्षक अविनाश सिंह, सुशील सिंह, हंसराम कनेडिया, आरक्षक अमलेश्वर सिंह, दीपक यादव, कृष्णा साहू व महेन्द्र प्रताप सिंह सक्रिय रहे।

---

## श्रमिक हितैषी मांगों को लेकर एटक ने महाप्रबंधक कार्यालय में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 57 सूत्रीय मांगों को लेकर महप्रबंधक के नाम कार्मिक प्रबंधक को सौंपा गया ज्ञापन

श्रमिक हितैषी 57 सूत्रीय मांग को लेकर संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक ने विशाल रैली निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया।मंगलवार को संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक कार्यालय से कोल कर्मचारी एवं ठेका मजदूरों ने रैली निकालकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष पहुंचकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य गेट को जामकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में उपस्थित कोल कर्मचारियों एवं ठेका मजदूरों को संबोधित करते हुए एसकेएमएस एटक के केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्वकर्मा ने कहा कि मजदूर वर्ग पर लगातार हमले हो रहे हैं।कर्मचारी व श्रमिकों के अधिकारों पर लगातार कटौती हो रही है।

वर्तमान केंद्र सरकार आउटसोर्सिंग, अस्थाईकरण और ठेकाकरण से देश की तमाम पब्लिक सेक्टर को निजी हाथों में सौंप रही है। मेहनत से हासिल किए गए श्रम अधिकारों को नाकाम करना और चरम मुनाफा कमाना, रखो और निकालो की नीतियों से सार्वजनिक क्षेत्र को समाप्त करने में लगी है। क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने कहा कि क्षेत्र में आईआर सिस्टम बिल्कुल चौपट हो गया है। सीटीओ के नाम पर खदानों को बंद कर कर्मचारियों को सरप्लस करने की साजिश की जा रही है। वर्तमान में रेहर खदान तथा बलरामपुर खदान बंद है। केतकी खदान का उत्पादन ढुलमुल है। क्षेत्र में कर्मचारियों की आवागमन के लिए बस की सुविधा नहीं है। कर्मचारी निवास एवं कॉलोनी की स्थिति जर्जर है। क्षेत्र से लगातार कोयला, लोहा समेत कीमती सामानों की चोरियां हो रही है। अस्पतालों में दवाइयां सहित अन्य सुविधाओं का बेहद अभाव है। कार्यस्थल में कर्मचारियों के लिए सुविधाओं का बेहद अभाव है। रेस्ट शेल्टर जर्जर है, पानी की ठोस व्यवस्था नहीं है। पूर्व में बने एक कैंटीन की हालत गंभीर है। ठेका श्रमिकों का शोषण लगातार हो रहे हैं। एटक संगठन ने आंदोलन करके क्षेत्र के खदान में ठेका श्रमिकों को हाई पावर कमेटी का वेतन भुगतान कराया है, लेकिन कुछ ठेका मजदूर अभी भी ऐसे हैं जिन्हें ठेकेदार द्वारा 400-500 रूपए देकर शेष मजदूरी का बंदरबांट करते हैं, जिसकी लड़ाई जारी है। कामरेड हरगोविंद सिंह, विनोद सिंह, विकास जैन, सजल मित्रा ने भी अपने सम्बोधन में कहा कि काफी समय से आवास आवंटन की बैठक बंद है। कोल कर्मचारियों को आवास आवंटन नहीं हो रहे हैं। वर्दी और यूनिफॉर्म की पात्रता वाले कर्मचारियों को ड्रेस नहीं मिल रहे हैं। । रेस्क्यू विभाग के कर्मचारी जो आपात स्थिति में रहने के बाद भी संडे और पीएच नहीं दिया जाता है। धरना प्रदर्शन के बाद प्रबंधन के अधिकारियों को ज्ञापन लेने आने में काफी विलम्ब होने पर सभी कर्मचारी-ठेका मजदूर महाप्रबंधक कार्यालय के भीतर प्रांगण में प्रवेश कर क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक चारुचंद्र नायक को ज्ञापन देकर सभी मांगों का निराकरण किए जानेकी बात कही गई है।धरना प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कोलकर्मी व ठेका श्रमिक उपस्थित थे।



---

## भाजयुमो ने किया राहुल का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- संसद में दिए बयान को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

संसद के भीतर सांसद लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को लेकर बवाल मचा हुआ है। इस बीच सरगुजा में भाजयुमो द्वारा द्वारा आज बयान के विरोध में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सांसद राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद उनके अंदर की जो भावना है उसको उन्होंने संसद के पटल पर रखा है। हिंदू समाज सर्वदा से ही विश्व कल्याण की सोच रखता है तथा संपूर्ण विश्व को अपना परिवार मानता है लेकिन जिस प्रकार से राहुल गांधी ने समस्त हिंदू समाज तथा भारतीय जनता पार्टी को हिंसक बताते हुए अपमानित करने का प्रयास किया। उनको यह देश कभी सहन नहीं करेगा तथा युवा भी इसको लेकर के आक्रोशित है। इस दौरान भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमोघ कश्यप, मनीष दुबे, रविकांत उरांव, जिला महामंत्री संजीव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विकास शुक्ला चंदन, अनीश सिंह, अकील साय मराबी, नगर अध्यक्ष निशांत सिंह सोलू, जिला मंत्री वीर सोनी, हर्ष जायसवाल, निशांत सिंह गोल्डी, श्रीधर केशरी, अनुराग शुक्ला, दीपक यादव, सौरभ मिश्रा, विकास गुप्ता, हैप्पी सिंह, पिंटी सिंह, रोहित कुशवाहा, मनीष सिंह,लव दुबे, शुभम प्रजापति, प्रिंस चौबे, सक्षम गुप्ता, अविनाश तिवारी, नितिन शर्मा, आर्यन गुप्ता, सीमा कश्यप आदि शामिल थे।

#### बयान के विरोध में पुतला दहन

**सूरजपुर।** संसद भवन में सोमवार को कांग्रेस के नेता सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें हिंसक बताया है। राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान के विरोध में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने अग्रसेन चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी भी किया। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा उल्टा-पुल्टा बयान बाजी करते हुए



हिंदुओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रहे हैं। राहुल गांधी के विवादित बयान से असह महसूस कर रहे हैं। राहुल गांधी को संसद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, राजेश महलवाला, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, मुकेश गर्ग, राजेश्वर तिवारी, अजय सिंह, संत साहू, सूरज शेट्टी, आलम सिंह आयाम, आशा मिश्रा, वेद प्रकाश सिंह, दुर्गा गुप्ता, यशवंत सिंह, राजेश साहू, सुमित साहू, संस्कार अग्रवाल, देव गुप्ता, शांतनु सिंह चौहान, सनी मिश्रा, विक्की सोनवानी, राजू शर्मा, अनुराग द्विवेदी, किशन देवांगन, कैलाश गुप्ता, सुरेश सोनी, अमन प्रताप सिंह, प्यारे साहू, संजू सोनी, दिलीप साहू, अभय गुप्ता, रंजन सोनी, लाल साय बैगा, बजरंग राजवाड़े, संदीप जायसवाल, सतनारायण गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### बजरंग दल ने फूंका पुतला

**रामानुजगंज।** लोकसभा सदन में कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को लेकर आज बजरंग दल ने कड़ी निंदा करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। पुतला दहन से पूर्व शव यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुतला दहन के दौरान जिला संयोजक जशु केसरी, प्रखंड संयोजक नयन गुप्ता, नगर संयोजक सुशील मेहरा, नगर सुरक्षा प्रमुख निहाल कश्यप, मिलन प्रमुख आकाश ठाकुर, विद्यार्थी प्रमुख रंजन शर्मा, मितगई खंड संयोजक पप्पू यादव, सूरज पासवान, हर्ष सोनी, ऋषि पासवान, आनंद विश्वकर्मा, निशांत कुमार, आर्यन गुप्ता, वीरेंद्र यादव, शैलेश मरकाम, संदीप ठाकुर, अभिषेक केसरी, आर्यन कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



---

**नशे में धुत युवकों ने देर रात केशवनगर स्थित प्रधानआरक्षक के घर के भीतर घुसकर किया हंगामा**

## सड़क पर जन्मदिन मनाने के दौरान प्रधान आरक्षक से भिड़े दर्जन भर युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- तीन नाबालिग किशोर समेत सात युवकों को पुलिस ने किया गिरफ़्तार,शेष आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश
- सभी आरोपी युवक दतिमा ने निवासी बताए गए हैं

सूरजपुर जिले में बेखौफ हुए अपराधियों के हौसले बेख़ौफ़ होकर बढ़ते जा रहे हैं,आमजनों के साथ आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद अब आदतन बदमाश पुलिस विभाग के कर्मचारियों को भी नहीं बख़्स रहे हैं।

वर्तमान मामला करंजी चौकी क्षेत्र का है जहां एक जुलाई की रात करीब नौ बजे दतिमा चौक में सड़क के बीच में जन्म दिन मना रहे मनचले युवकों को पुलिस कर्मी द्वारा सड़क के किनारे होकर जन्म दिन पार्टी मनाने की सलाह देना नुक़सानदेह हो गया, समझाईश देने की बात सुनकर नशे में धुत्त युवकों ने नाराज़ होकर प्रधानआरक्षक के साथ गाली गलौज शुरू कर दी,विवाद बढ़ने के दौरान करंजी चौकी की पेट्रोलिंग पार्टी भी मौक़े पर पहुंच गई, पेट्रोलिंग पार्टी ने समझाईश देते हुए मामले को शांत कराकर युवकों को मौक़े से जाने को कहा तत्पश्चात पेट्रोलिंग पार्टी भी वहां से चली गई।

लेकिन मामला इतने में भी शांत नहीं हुआ,बताया जाता है कि युवकों को समझाईश देने वाला पुलिस कर्मी जो करंजी चौकी का प्रधान आरक्षक है वह चौकी का डाक लेकर बिश्रामपुर थाने के लिए निकला था, बदला लेने की नियत से नशे में धुत्त बदमाश युवक दतिमा से उसका पीछा करते हुए पहले आईटीआई कॉलोनी के पास रास्ता रोककर प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह से गाली गलौज करने लगे ,फिर दोबारा से देर रात उसके केशवनगर स्थित आवास पहूंच गए और उसे खोजते हुए घर के भीतर घुस गए ,घर के भीतर विवाद बढ़ता देख प्रधानआरक्षक राजकुमार ने बिश्रामपुर थाना समेत नगर में रहने वाले अपने साथी पुलिसकर्मियों को फोन कर घटना की जानकारी देते हुए उनको मौक़े पर बुला लिया जिसको देख बदमाश युवक मौक़े से फ़रार हो गए। इधर इस गंभीर घटना की जानकारी आईजी व एसपी को मिलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और पुलिस मौक़े से फ़रार हुए आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई।बताया गया कि मुख्य आरोपी समेत आधा दर्जन से अधिक आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैजिनमें से तीन नाबालिग हैं।

बिश्रामपुर पुलिस ने प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह की रिपोर्ट पर दर्जन भर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 296, 351(2), 120(2), 115(2), 221, 132, 191(2), 331(6) के तहत नामजद अपराध दर्ज किया है। इनमें से सात आरोपियों को गिरफ़्तार करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है, गिरफ़्तार आरोपियों में तीन नाबालिग किशोर है, पकड़ में आए चार मुख्य आरोपियों में भूषण बघेल ,नंद गोपाल राजवाड़े पिता बिनेश्वर राजवाड़े ,विकेश राजवाड़े पिता खिलानंद राजवाड़े ललित राजवाड़े पिता दिगंबर राजवाड़े निवासी सभी दतिमा के नाम शामिल हैं शेष अन्य आरोपी फरार बताए गए है। बताया गया कि पकड़े गए आरोपी विकेश राजवाड़े निवासी दतिमा का जन्मदिन मनाने के दौरान शराब के नशे में युवकों ने उक्त वारदात को अंजाम दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी,
ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुरिया, झाई, दाग, तिल,
अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा)
तथा अंग कटने - जलने की
अति विशेष चिकित्सा
फोन : 9827143060/8871003060

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736